**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 314**

**जिसका उत्तर बुधवार, 24 जुलाई, 2024 को दिया जाएगा**

**आवश्यक वस्तुओं की कीमतें**

**314. श्री सेल्वाराज वी.:**
**श्री सुब्बारायण के.:**

**क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले कुछ महीनों से आवश्यक वस्तुओं विशेषकर खाद्य पदार्थों जैसे सब्जियों, खाद्य तेलों, दालों आदि की कीमतों में वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2023 और 2024 के दौरान अब तक आवश्यक वस्तुओं की कीमतों का माह-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा देश में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्री बी. एल. वर्मा)**

(क) और **(ख)** **19.07.2024** की स्थिति के अनुसार मूंगफली तेल**,** वनस्पति**,** सूरजमुखी तेल**,** सोया तेल**,** पाम तेल**,** मूंग दाल और मसूर दाल की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमतों में महीने-दर-महीने आधार पर गिरावट आई है। प्याज**,** आलू**,** टमाटर**,** सरसों तेल**,** चना दाल**,** अरहर दाल और उड़द दाल की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमतों में महीने-दर-महीने आधार पर वृद्धि हुई है। **2023** और **2024** के दौरान **22** खाद्य वस्तुओं की मासिक औसत खुदरा कीमतें **अनुलग्नक** में दी गई हैं।

(ग) सरकार समय-समय पर आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न उपाय करती है। कृषि-बागवानी वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने कार्यनीतिक बाजार हस्तक्षेप के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) की स्थापना की है। पीएसएफ के तहत, मूल्य स्थिरीकरण के लिए दालों और प्याज का बफर स्टॉक बनाए रखा गया है। बफर के लिए खरीद से किसानों को सहायता मिलती है और कीमतों को कम करने के लिए बफर से स्टॉक को संतुलित तरीके से जारी किया जाता है।

दाल, आटा और चावल उपभोक्ताओं को किफ़ायती दामों पर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने भारत दाल, भारत आटा और भारत चावल की शुरुआत की है। जुलाई, 2023 में पीएसएफ में चना स्टॉक को खुदरा निपटान के लिए चना दाल को बदल कर भारत दाल की शुरुआत की गई है। भारत चना दाल उपभोक्ताओं को 1 किलो के पैक के लिए 60 रुपये प्रति किलोग्राम और 30 किलो के पैक के लिए 55 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाती है। दिनांक 19.07.2024 तक लगभग 11.37 लाख मीट्रिक टन भारत चना दाल खुदरा उपभोक्ताओं को बेची गई है। भारत दाल में भारत मूंग दाल, मसूर दाल को शामिल करने के लिए इसे विस्तार किया गया है।

बाजार में किफायती दरों पर आपूर्ति बढ़ाने और इन खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित रखने में सहायता के लिए भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री शुरू की गई है। भारत आटा और भारत चावल को क्रमशः 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम और 29 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी दरों पर बेचा जाता है, और सब्सिडी का खर्च मूल्य स्थिरीकरण कोष से वहन किया जाता है।

सरकार ने अब तक पीएसएफ के तहत लगभग 4.24 लाख टन रबी-2024 प्याज की खरीद की है, ताकि कीमतों को स्थिर रखने के लिए बाद में इसे कम उत्पादन वाले महीनों में बाजार में रिलीज की जा सके।

घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए, 31 मार्च, 2025 तक 'मुफ़्त' व्यवस्था के तहत तूर और उड़द के आयात की अनुमति दी गई है और मसूर पर आयात शुल्क 31 मार्च, 2025 तक शून्य कर दिया गया है। दालों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए पीली मटर के आयात को 8 दिसंबर, 2023 से 31 अक्टूबर, 2024 तक अनुमति दी गई है। इसके अतिरिक्त, 4 मई, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक शून्य शुल्क पर देसी चना के आयात की अनुमति दी गई है।

प्याज की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। अगस्त 2023 में घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए 40% निर्यात शुल्क लगाया गया था। जब अंतरराष्ट्रीय कीमतों में बढ़ोतरी के मुकाबले निर्यात में उछाल आया, तो अक्टूबर 2023 में 800 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन का एमईपी लगाया गया और फिर दिसंबर 2023 से प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी गई। इसके बाद 4 मई 2024 से 40% शुल्क और 550 अमेरिकी डॉलर के एमईपी के साथ निर्यात की अनुमति दी गई, ताकि प्याज की घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित हो और कीमतें नियंत्रण में रहें। घरेलू उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चीनी के निर्यात को अगले आदेश तक 'प्रतिबंध' के तहत रखा गया है।

जमाखोरी रोकने के लिए 21 जून, 2024 से 30 सितंबर, 2024 तक तूर और देसी चना पर स्टॉक सीमा लगा दी गई है। समग्र खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन और जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए सरकार ने 24 जून, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक गेहूं पर स्टॉक सीमा लगा दी है।

सरकार द्वारा मूल्य नियंत्रण उपायों के साथ-साथ इस वर्ष (2024-25) खरीफ दलहनों के तहत बोए गए क्षेत्र में मजबूत प्रगति से बाजार स्थिर हो गया है और पिछले एक महीने में प्रमुख मंडियों में चना, अरहर और उड़द की कीमतों में 4% तक की गिरावट आई है।

*******

**अनुलग्नक**

## आवश्यक वस्तुओं के मूल्य के संबंध में लोक सभा प्रश्न संख्या 314 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

## 22 खाद्य वस्तुओं के अखिल भारतीय औसत मासिक खुदरा मूल्य

(रु/किग्रा)

| वस्तु | जनवरी-23 | फरवरी-23 | मार्च-23 | अप्रैल-23 | मई-23 | जून-23 | जुलाई-23 | अगस्त-23 | सितम्बर-23 | अकतूबर-23 | नवंबर -23 | दिसंबर -23 | जनवरी-24 | फरवरी-24 | मार्च-24 | अप्रैल-24 | मई-24 | जून-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चावल | 38.09 | 38.63 | 38.82 | 39.04 | 39.22 | 39.74 | 40.73 | 41.5 | 42.17 | 42.59 | 43.03 | 43.38 | 43.62 | 44.1 | 44.28 | 44.35 | 44.5 | 44.85 |
| गेहूं | 32.79 | 33.21 | 32.21 | 31.32 | 31.27 | 31.67 | 31.96 | 32.31 | 32.66 | 32.93 | 33.64 | 33.72 | 33.76 | 33.88 | 33.69 | 33.51 | 33.49 | 33.67 |
| आटा (गेहूं) | 37.51 | 37.8 | 37.07 | 36.55 | 36.42 | 36.95 | 37.18 | 37.71 | 38.08 | 38.31 | 38.98 | 38.98 | 38.93 | 38.98 | 38.91 | 38.77 | 38.7 | 38.75 |
| चना दाल | 72.49 | 72.36 | 72.6 | 73.33 | 73.97 | 74.47 | 74.8 | 76.39 | 80.48 | 82.42 | 83.45 | 83.43 | 82.83 | 82.85 | 83.6 | 83.84 | 84.93 | 87.62 |
| तूर/अरहर दाल | 111.46 | 111.65 | 113.47 | 116.44 | 119.24 | 126.89 | 134.13 | 138.09 | 146.29 | 151.63 | 155.2 | 154.68 | 150.47 | 149.1 | 149.2 | 150.9 | 155.11 | 161.11 |
| उड़द दाल | 107.13 | 106.72 | 107.17 | 108.21 | 109.33 | 111.46 | 113.63 | 115.03 | 117.22 | 118.95 | 122.37 | 123.04 | 122.54 | 123.1 | 123.8 | 124.2 | 125.38 | 126.75 |
| मूंग दाल | 103.44 | 104.22 | 105.06 | 107.1 | 108.36 | 109.36 | 110.49 | 111.29 | 113.63 | 115.56 | 116.54 | 116.48 | 116.13 | 116.4 | 117.2 | 117.6 | 118.03 | 118.81 |
| मसूर दाल | 94.19 | 93.13 | 92.78 | 92.96 | 92.59 | 92.01 | 92 | 92.02 | 93.41 | 94.14 | 94.25 | 94.11 | 93.66 | 93.5 | 93.4 | 93.33 | 93.42 | 94.16 |
| मूंगफली तेल (पैक) | 189.54 | 188.82 | 189.18 | 190.52 | 190.77 | 190.7 | 191.14 | 191.9 | 192.19 | 192.42 | 193.02 | 192.27 | 190.88 | 189.7 | 189.1 | 189 | 188.55 | 188.42 |
| सरसों तेल (पैक) | 173.92 | 171.15 | 167.27 | 163.21 | 159.47 | 154.23 | 150.97 | 150.92 | 149.87 | 148.38 | 148.73 | 148.05 | 146.63 | 146 | 145.7 | 145.6 | 145.56 | 147.12 |
| वनस्पति (पैक) | 138.63 | 136.72 | 135 | 132.87 | 132.26 | 131.01 | 129.72 | 129.26 | 128.35 | 126.98 | 126.76 | 126.08 | 125.12 | 124.8 | 125.1 | 125.8 | 126.22 | 126.23 |
| सोया तेल (पैक) | 153.54 | 151.02 | 148.21 | 144.91 | 141.1 | 136.84 | 134.37 | 133.35 | 131.11 | 128.57 | 128.24 | 127.97 | 126.85 | 126.7 | 126.8 | 127.7 | 127.36 | 127.1 |
| सूरजमुखी का तेल (पैक) | 172.82 | 168.69 | 164.65 | 160.91 | 156.56 | 151.4 | 147.84 | 146.53 | 144.41 | 141.86 | 140.44 | 139.96 | 139.01 | 138.4 | 137.9 | 138.5 | 138.12 | 137.92 |
| पाम तेल (पैक) | 118.23 | 115.51 | 115.42 | 114.81 | 113.26 | 110.53 | 109.03 | 108.3 | 107.36 | 105.66 | 104.99 | 104.32 | 103.36 | 103.2 | 104 | 105.9 | 105.24 | 104.73 |
| आलू | 23.21 | 20.86 | 19.13 | 19.13 | 20.46 | 21.63 | 23.65 | 24.29 | 24.32 | 24.42 | 24.95 | 24.01 | 22.67 | 22.01 | 23.35 | 26.45 | 28.95 | 31.61 |
| प्याज | 26.97 | 25.41 | 23.27 | 22.3 | 21.97 | 22.9 | 26.51 | 29.86 | 33.38 | 37.26 | 58.99 | 50.95 | 37.95 | 32.79 | 32.66 | 31.47 | 31.46 | 36.33 |
| टमाटर | 24.72 | 23.45 | 23.32 | 23.16 | 23.61 | 32.58 | 109.5 | 102.02 | 38.81 | 29.3 | 39.48 | 38.38 | 32.43 | 32.32 | 31.67 | 32.4 | 32.72 | 42.23 |
| चीनी | 41.83 | 41.72 | 41.61 | 41.92 | 42.38 | 42.72 | 42.99 | 43.18 | 43.57 | 43.96 | 44.62 | 44.68 | 44.53 | 44.42 | 44.28 | 44.33 | 44.57 | 44.79 |
| गुड़ | 48.44 | 48.2 | 48.34 | 48.7 | 49.28 | 50.36 | 51.28 | 51.9 | 52.75 | 53.11 | 53.14 | 52.59 | 52.6 | 52.61 | 52.48 | 52.68 | 53.2 | 54.02 |
| दूध (रु./लीटर) | 55.77 | 55.98 | 56.33 | 56.7 | 57.04 | 57.48 | 57.78 | 57.97 | 58.21 | 58.36 | 58.38 | 58.34 | 58.44 | 58.47 | 58.56 | 58.67 | 58.71 | 59.03 |
| चाय | 276.5 | 274.54 | 275.11 | 275.66 | 274.56 | 275.8 | 276.38 | 277.64 | 277.62 | 278.09 | 279.5 | 279 | 279.92 | 280.5 | 280.2 | 279.7 | 279.65 | 278.07 |
| नमक पैक (आयोडीन युक्त) | 21.47 | 21.66 | 21.72 | 21.9 | 21.95 | 21.92 | 22.04 | 22.26 | 22.27 | 22.34 | 22.38 | 22.46 | 22.46 | 22.47 | 22.46 | 22.48 | 22.44 | 22.51 |

*****